# बांके बिहारी हे गिरधारी ओ श्याम मेरे सरकार लिरिक्स

बांके बिहारी हे गिरधारी,
ओ श्याम मेरे सरकार,
दर्शन दे दो ना करतार,
दर्शन दे दो ना करतार,
दिवाना मैं दुर से आया,
विनय करो स्विकार,
दर्शन दे दो ना करतार,
दर्शन दे दो ना करतार।bd।

---

ठौकर खा कर गिरा मैं जब से,
ना बाबा उठ पाया,
तुम से सारी सत्य कहुं मैं,
दुख ने बहुत सताया,
तेरी रजा हो जाए तो फिर,
मेरा हो उद्धार,
दर्शन दे दो ना करतार,
दर्शन दे दो ना करतार।bd।

---

ये दुनिया सब मतलब की,
यहां कोई नहीं है अपना,
मेरा दिल तो तेरा कायल,
बाकी सब है सपना,
प्रेम की नजर निहार सांवरे,
जीवन हो गुलजार,
दर्शन दे दो ना करतार,
दर्शन दे दो ना करतार।bd।

---

वृन्दावन की गली गली में,
भगत झुमते गाते,
दशो दिशा में तेरा नूर सब,
भाव से तुम्हें मनाते,
धन दौलत की नहीं जरूरत,
मैं चाहूं तेरा प्यार,
दर्शन दे दो ना करतार,
दर्शन दे दो ना करतार।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तू है मेरा मैं हूं तेरा,
दिल से तुमको मानू,
तेरे प्रेम की मुझे जरूरत,
मैं बस इतना जानू,
सुरेन्द्र सिंह की अर्जी पर तुम,
करना जरा विचार,
दर्शन दे दो ना करतार,
दर्शन दे दो ना करतार।bd।

बांके बिहारी हे गिरधारी,
ओ श्याम मेरे सरकार,
दर्शन दे दो ना करतार,
दर्शन दे दो ना करतार,
दिवाना मैं दुर से आया,
विनय करो स्विकार,
दर्शन दे दो ना करतार,
दर्शन दे दो ना करतार।bd।

गायक / प्रेषक – सुरेन्द्र सिंह निठौरा।
**9999641853**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com